बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-16
08/01/2025

# मुख्यमंत्री ने सारण जिले को 985 करोड़ रुपये की दी सौगात, 52 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 08 जनवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में सारण जिले को लगभग 985 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 52 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं में 688.17 करोड़ रुपये की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन तथा 296.42 करोड़ रुपये की लागत से 20 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने सारण जिला अंतर्गत छपरा सदर प्रखंड के (एन0एच0–19) बिसेन टोला में बिशुनपुरा बाईपास पर (एन0एच0–19) लेफ्ट आउट छपरा पथ के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण तथा डोरीगंज बाजार से बिशुनपुरा तक प्रस्तावित एलिवेटेड पथ निर्माण का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने 89.95 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एन0एच0–19 लेफ्ट आउट छपरा सेक्शन पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, 40.53 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित खेरा बीनटोलिया पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, सारण एवं सीवान जिला अंतर्गत 701.26 करोड़ रुपये की लागत से छपरा, एन0एच0–31, बलिया मोड़–मांझी–दरौली–गुठनी, (एन0एच0–227ए) पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी पथों के कार्यों में तेजी लाकर जल्द से जल्द पूर्ण करें। यह काफी महत्वपूर्ण पथ हैं। इनके बन जाने से आवागमन सुचारु होगा, लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने 655 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल छपरा, सारण का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के शैक्षणिक भवन का निरीक्षण कर व्यवहारिक प्रयोगशाला, कौशल प्रयोगशाला आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के ओ0पी0डी0, रजिस्ट्रेशन काउंटर और परामर्श कक्ष का भी जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से यहां अस्पताल का निर्माण हो गया है। इससे छपरा एवं आसपास के लोगों को इलाज कराने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में पढ़ाई के साथ–साथ मरीजों का इलाज भी किया जायेगा। इसके फंक्शनल हो जाने से मुझे बहुत खुशी हो रही है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रांगण में मुख्यमंत्री ने सारण जिला के विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने सारण जिले के गड़खा प्रखंड स्थित ग्राम महमदा में जल–जीवन–हरियाली अभियान के अंतर्गत सौंदर्यीकृत किये गये तालाब, (पेवर ब्लॉक पाथ–वे, छठ घाट), मनरेगा के तहत निर्मित ग्रामीण घाट और खेल मैदान का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तालाब के चारो तरफ सीढ़ीनुमा घाट

का निर्माण करायें। हमलोग वर्ष 2019 से जल–जीवन–हरियाली अभियान का शुरुआत कर सभी सार्वजनिक कुओं, तालाबों, पोखरों आदि का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार करा रहे हैं ताकि जल संरक्षित रहे। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाये गये स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 6326 जीविका स्वयं सहायता समूहों के 75912 परिवारों को बैंक ऋण के रूप में प्रदत्त राशि का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 661 लाभार्थियों को 3 करोड़ 2 लाख 18 हजार 722 रुपये का सांकेतिक चेक, 1571 जीविका स्वयं सहायता समूहों को प्रदत्त सामुदायिक निवेश निधि अंतर्गत 15 करोड़ 73 लाख 95 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, ग्रामीण हाट मोहमदा की चाभी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, कुशल युवा कार्यक्रम, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री बाल हृदय सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, कृषि यांत्रिकीकरण राज्य योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना का सांकेतिक चेक, समेकित विकास योजना के तहत व्यॉलर पॉल्ट्री फॉर्म का सांकेतिक चेक, समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत 'मृत्यु लाभ' का सांकेतिक चेक, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पुरस्कार का सांकेतिक चेक, बासगीत पर्चा, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक एवं दिव्यांगजनों के लिये बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाबी लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने महमदा गांव में 7 लाख 50 हजार रुपये की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र संख्या–199, मंगला टोला के जीर्णोद्धार कार्य, स्कूल के सामने पेवर ब्लॉक कार्य तथा सौंदर्यीकरण कार्य का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया।

राजकीय मध्य विद्यालय सह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महमदा के प्रांगण में आयोजित जीविका दीदियों से संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीविका समूह हम सभी महिलाओं के लिए वरदान साबित हुआ है। जीविका ने हमारी जिंदगी को बदल दिया है। जीविका से जुड़ने के बाद हम सबकी न सिर्फ आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है बल्कि परिवार में इज्जत भी बढ़ी है। इसके लिये हम सब आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे तो अनेक जगहों पर जाकर जीविका समूहों द्वारा किये जा रहे कार्यों को देखते थे। हमने देखा कि बिहार में जीविका समूह की संख्या काफी कम है। काम भी ठीक ढंग से नहीं हो रहा था। वर्ष 2005 में बिहार में जब हमलोगों की सरकार बनी तब हमने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर जीविका समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की, जिसका परिणाम है कि वर्तमान बिहार में जीविका समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है। जिनसे 1 करोड़ 31 लाख महिलायें जुड़ी हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी हमने ही नाम दिया, जिससे प्रेरित होकर केंद्र ने पूरे देश में इसका नाम आजीविका रखा। शहरी क्षेत्रों में भी हमने जीवका समूहों का गठन शुरू कराया है। अब तक 26 हजार महिलायें इससे जुड़ चुकी हैं। जीविका समूहों के माध्यम से दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और उनके भाषा में भी सुधार आया है। पहले महिलायें घर से बाहर निकलने में संकोच करती थीं। अब जीविका समूहों से जुड़कर अनेक प्रकार के कारोबार कर रही हैं। हम हर जगह जाकर इनके कामों को देखते हैं और जो भी इनकी जरुरतें होती हैं उसे पूरा किया जाता है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने एकमा प्रखंड के एकमा चट्टी में प्रस्तावित एकमा–मशरख पथ और एकमा–डुमाईगढ़ पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का स्थल निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने 90 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एकमा–मशरख

पथ तथा 40 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एकमा–ताजपुर–डुमाईगढ़ पथ के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सह सारण जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक श्री जनक सिंह, विधान पार्षद श्री सच्चिदानंद राय, विधान पार्षद श्री वीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री श्री चंद्रिका राय, पूर्व मंत्री श्री मुनेश्वर चौधरी, पूर्व मंत्री श्री गौतम सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री कुंदन कृष्णन, अपर पुलिस महानिदेशक, सुरक्षा श्री अमृत राज, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, सारण प्रमंडल के आयुक्त श्री गोपाल मीणा, पुलिस उप महानिरीक्षक, सारण प्रक्षेत्र श्री निलेश कुमार, जिलाधिकारी श्री अमन समीर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कुमार आशीष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******